आकाशवाणी भोपाल
प्रादेशिक समाचार
दिनांक : 13.06.2024 समय : 07.10 चउ

मुख्य समाचार :–

- नीट परीक्षा में ग्रेस अंक पाये 1563 अभ्यर्थियों की 23 जून को होगी दोबारा परीक्षा।
- प्रदेष में पीएमश्री पर्यटन वायुसेवा की हुई शुरूआत, मुख्यमंत्री ने भोपाल में एयरटैक्सी को दिखाई हरी झंडी।
- जलगंगा संवर्धन अभियान के तहत प्रदेष में लगातार कार्यक्रमों का आयोजन जारी।
- 21 जून को होने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के लिए प्रदेष के जिलों में तैयारियां शुरू।

नीट–पुनःपरीक्षा

मेडिकल प्रवेश परीक्षा–नीट–यूजी में शामिल हुए उन सभी एक हजार 563 अभ्यर्थियों की दोबारा परीक्षा 23 जून को होगी, जिन्हें परीक्षा में ग्रेस या पूरक अंक मिले थे। आज जारी एक अधिसूचना में, राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए ने कहा कि वह शीघ्र ही एक सार्वजनिक सूचना जारी करेगी और इन उम्मीदवारों से ईमेल के माध्यम से भी संपर्क करेगी ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि उन्हें आधिकारिक सूचना प्राप्त हो। एनटीए ने कहा है कि दोबारा परीक्षा का निर्णय एनटीए की उच्चाधिकार प्राप्त समिति की रिपोर्ट पर उच्चतम न्यायालय की टिप्पणी के अनुसार लिया गया है, सभी एक हजार 563 छात्रों को दिए गए अनुग्रह या पूरक अंक वापस ले लिए गए हैं।

इस बीच केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने नीट–यूजी परीक्षा के पेपर कथित तौर पर लीक होने की बात से इनकार किया है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि नीट परीक्षा में कोई भ्रष्टाचार नहीं है। आज नई दिल्ली में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए श्री प्रधान ने नीट मुद्दे पर उच्चतम न्यायालय के फैसले का स्वागत किया। नीट परीक्षा में कथित विसंगतियों पर श्री प्रधान ने कहा कि परीक्षा में गड़बड़ी पैदा करने के लिए जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने छात्रों और अभिभावकों को आश्वासन दिया कि केंद्र उन्हें न्याय दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है।

पीएम श्री पर्यटन वायु सेवा–प्रदेष

प्रदेश में पीएम श्री पर्यटन वायु सेवा शुरू हो गई है। भोपाल के राजाभोज अंतरराष्ट्रीय विमानतल से आज मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हरी झंडी दिखाकर इस सेवा की पहली एयर टैक्सी को रवाना किया। इसी के साथ भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर, उज्जैन, रीवा, खजुराहो और सिंगरौली एक–दूसरे से सीधे जुड़ गए। इन शहरों के बीच छह सीटर दो एयर टैक्सी संचालित होंगी। इस वायु सेवा के शुरू होने से भोपाल से इंदौर का सफर 55 मिनट में पूरा हो जाएगा। शुरुआती 30 दिन तक किराए में 50 फीसदी डिस्काउंट भी मिलेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 'पीएम श्री पर्यटन वायु सेवा' संचालन के शुभारंभ अवसर पर भोपाल एयरपोर्ट स्थित सेवा का टिकट बुकिंग काउंटर का भी शुभारंभ किया तथा यात्रियों को बोर्डिंग पास प्रदान किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 'पीएम श्री पर्यटन वायु सेवा' से प्रदेश में पर्यटन के साथ–साथ उद्योग, व्यापार, शिक्षा और चिकित्सा क्षेत्र को भी लाभ होगा। प्रदेश में बढ़ रही एयर कनेक्टिविटी की सौगात सभी सेक्टरों को मिलेगी और प्रदेश के विकास को नये आयाम मिलेंगे। जबलपुर में डुमना एयरपोर्ट पर पहली उड़ान भोपाल से पहुँचने पर फ्लाइट का वाटर कैनन से स्वागत किया गया। लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने फ्लाइट को हरी झंडी दिखाकर रीवा रवाना किया।इसके बाद रीवा पहॅुचने पर **डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ल ने** इसे **हरी झंडी दिखाकर** सिंगरौली **रवाना किया**ए

विश्व सिकलसेल सेल दिवस

विश्व सिकलसेल सेल दिवस 19 जून को मनाया जाएगा। इस अवसर पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम डिंडोरी में आयोजित होगा। उपराष्ट्रपति के विशिष्ट आतिथ्य में होने वाले इस कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में राज्यपाल मंगु भाई पटेल ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक में कई निर्देश दिए। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि प्रदेश भर में विशेषकर जनजाति बाहुल्य ज़िलों में भी कार्यक्रम आयोजित करे। इसमें शिविर, सिकल सेल जाँच, उपचार, मैरिज काउंसलिंग, जीवनचर्या परामर्श, औषधी वितरण, कार्ड वितरण आदि की समस्त व्यवस्था की जाए। राज्यपाल ने सिकल सेल पोर्टल की विस्तृत समीक्षा भी की। उन्होंने जिलेवार समीक्षा करते हुए कहा कि स्क्रीनिंग का कार्य गंभीरता से करें। श्री पटेल ने कहा कि सिकल सेल जाँच और वितरण कार्ड का 19 जून तक अधिक से अधिक वितरण करने का प्रयास करें। राज्यपाल ने बैठक में राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम की भी समीक्षा की।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा। इस दिन बड़ी संख्या में लोग एक दूसरे को योग करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। इसको लेकर शिवपुरी में तैयारियां जोर-शोर से जारी हैं। शिवपुरी के मंगलम योग केंद्र पर बच्चों के अलावा वरिष्ठजन भी योग की प्रैक्टिस कर रहे हैं। केंद्र पर प्रतिदिन सुबह और शाम को योग क्लासेस लगाई जा रही हैंए जिसमें बड़ी संख्या में लोग आ रहे हैं। प्रदेश के अन्य जिलों में भी योग दिवस को लेकर तैयारियां जारी।

नर्मदापुरम जिले में सेठानी घाट सहित अन्य जगहों पर योग के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सेठानी घाट पर हमेशा की तरह भव्य योग का कार्यक्रम होगा। इस सम्बंध में कलेक्टर ने निर्देश दिए हैं कि सेठानी घाट पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम में आम जनता की सहभागिता सुनिश्चित की जाए।

<u>जल गंगा संवर्धन अभियान</u>

जल गंगा सवर्धन अभियान के तहत ग्वालियर जिले के गाँव–गाँव में जल संरचनाओं का जीर्णोद्धार कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जनपद पंचायत मुरार की ग्राम पंचायत दयेली के अंतर्गत सिकरौदा फुटकर तालाब का गहरीकरण, ग्राम दुगनावली में चैकडेम निर्माण और जनपद पंचायत भितरवार के ग्राम मोहनगढ़ के शांतिधाम के पास जल संरचना के समीप घाट बनाने का कार्य किया जा रहा है।

सीहोर में आज पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल और राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने इछावर विधानसभा के बमूलिया गांव पहुंचकर कुलास नदी के उद्गम स्थल के गहरीकरण कार्य का भूमिपूजन कर पौधरोपण किया। इस मौके पर श्री पटेल ने कहा कि सीहोर की कुलास नदी भोपाल तालाब को भरने वाली इकलौती नदी है ए इस नदी के किनारे हर एक व्यक्ति को एक पौधा अवश्य लगाना चाहिये।

नीमच में कलेक्टर दिनेश जैन ने आज उपखण्ड मनासा में अभियान के तहत किए जा रहे तालाब गहरीकरण, तालाबों की पाल की पीचिंग के कार्य, बावडियों के गहरीकरण व नदियों व स्टाप डेम के गहरीकरण कार्यो का मौके पर निरीक्षण कर जायजा लिया। अभियान के तहत सिंगरौली जिले में बहने वाली कंचन और मयार नदी की सफाई की जा रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में 4 हजार से अधिक जल संरचनाओं की पूर्णता के लिए कार्य किये गये हैं। इस अभियान में राज्यमंत्री पंचायत एवं ग्रामीण विकास राधा सिंह और अन्य जनप्रतिनिधि भी हिस्सा ले रहे हैं।

नए आपराधिक कानून

एक जुलाई से देश में तीन नए आपराधिक कानून लागू होने जा रहे हैं। इन कानूनों के बारे में प्रदेश में लगातार प्रशिक्षण देकर पुलिस विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को जानकारी दी जा रही है। मलय जैन, एआईजी पुलिस प्रषिक्षण, उपनिदेषक पुलिस अकादमी भोपाल ने आकाशवाणी को बताया कि इस ट्रेनिंग में पिछले तीन माह से प्रषिक्षण दिया जा रहा है–

शहीद अंतिम संस्कार

जम्मू-कश्मीर के कठुआ में आतंकवादी हमले में शहीद कबीर दास की पार्थिव देह आज छिंदवाड़ा के बिछुआ तहसील के पैतृक गांव पुलपुलडोह पहुंची। जहां राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। सांसद विवेक बंटी साहू और पीएचई मंत्री संपतिया उइकेए कलेक्टर शीलेंद्र सिंहए एसपी मनीष खत्री और कई अन्य अधिकारी भी अंतिम संस्कार में शामिल हुए। सभी ने नम आंखों से शहीद को विदाई दी। 35 वर्षीय कबीरदास 2011 में सीआरपीएफ में भर्ती हुए थे।

टीकमगढ़ पेयजल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रयास से टीकमगढ़ शहर की पेयजल व्यवस्था के समाधान के लिए उत्तरप्रदेश सरकार ललितपुर के जमरार बाँध से 1500 एम.सी.एम. जल प्रदाय किए जाने पर सहमत हो गई है। मुख्यमंत्री ने टीकमगढ़ में सुचारू पेयजल प्रदाय सुनिश्चित करने के लिए उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री को पत्र लिखा था। मुख्यमंत्री ने पत्र में उल्लेख किया

था कि टीकमगढ़ नगर में जलापूर्ति जामनी नदी से की जाती है। गर्मियों में नदी में पानी का प्रवाह कम हो जाने से तथा अप स्ट्रीम में बाँध के निर्माण के कारण पेयजल संकट की स्थिति उत्पन्न हो रही है। उन्होंने अनुरोध किया था कि जमरार बाँध से 1ण00 एम.सी.एम. पानी प्रदाय किया जाए। इस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संज्ञान लेकर सहमति दे दी है।

## मुंबई-अंतरराष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल

मुंबई अंतरराष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल-एम.आई.एफ.एफ. 15 से 21 जून तक मुंबई में आयोजित किया जाएगा। यह फिल्म महोत्सव श्बिली एंड मौली: एन ओटर लव स्टोरीश फिल्म से प्रारंभ होगा। यह फिल्म 15 जून को दिल्लीए कोलकाताए चेन्नई और पुणे में एक साथ प्रदर्शित की जाएगी। इस 78 मिनट की अवधि की अंग्रेजी फिल्म का निर्देशन चार्ली हैमिल्टन जेम्स ने किया है।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- देवास में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बच्चों को शैक्षणिक, स्वास्थ एवं अन्य कानूनी अधिकारों से संबंधित विषयों जागरूक किया।
- अषोकनगर में खरीफ सीजन 2024 के लिये किसानो द्वारा उर्वरकों का अग्रिम उठाव किया जा रहा है । कृषि उपसंचालक ने किसानों से मक्का, सोयाबीन एवं धान की बुवाई हेतु डी ए पी के विकल्प के रूप में एन पी के उर्वरक का उपयोग करने की सलाह दी गई है।

..........................